आकाशवाणी केन्द्र शिमला

21.03.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

प्रधानमंत्री –लोकतंत्र शिखर सम्मेलन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत में लोकतंत्र की एक प्राचीन और अखंड संस्कृति है। दक्षिण कोरिया के सियोल में आयोजित लोकतंत्र शिखर सम्मेलन को वर्चुअली संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सर्वसम्मति, खुली बातचीत और स्वतंत्र चर्चा भारत की पहचान रही है। मोदी ने कहा कि अब से कुछ ही सप्ताह में भारत लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव का गवाह बनेगा। उन्होंने कहा कि एक अरब मतदाताओं के मतदान करने के साथ, यह मानव इतिहास में सबसे बड़ा चुनावी अभ्यास होगा। उन्होंने कहा कि भारत के लोग एक बार फिर लोकतंत्र में अपना विश्वास जताएंगे।

बैंक–31 मार्च

रिजर्व बैंक ने सभी बैंकों को परामर्श जारी किया है कि वे रविवार, 31 मार्च को अपनी सभी शाखाएँ खुली रखें। यह परामर्श सरकारी प्राप्तियों और भुगतानों से संबंधित सभी बैंकों को 31 मार्च को लेनदेन के लिए खुला रखने के अनुरोध के बाद आया है। जिससे प्राप्तियों और भुगतानों से संबंधित सभी सरकारी लेनदेन का हिसाब–किताब चालू वित्त वर्ष में ही किया जा सके।

मनीष गर्ग

चुनाव आयोग ने लोकसभा की 4 सीटों और विधानसभा के उपचुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता के दिशानिर्देशों के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए व्यापक व्यवस्था की है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने बताया कि आचार संहिता के किसी भी प्रकार के उल्लंघन के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि चुनाव की घोषणा होने के 72 घंटों के भीतर भारत निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देशों के अनुसार सभी जिलों में सरकारी भवनों, सार्वजनिक स्थलों और बिना स्वीकृति के निजी सम्पति पर लगे 51 हजार 3 सौ 2 होर्डिंग, पोस्टर, बैनर और झंडों व दीवारों पर बनाए गए विज्ञापनों को हटा दिया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशानिर्देशों की अनुपालना में निर्वाचन विभाग ने चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के 72 घंटों के भीतर ही आदर्श आचार संहिता को लागू करने के लिए त्वरित व कड़ी कार्रवाई की है।

सुरेश कश्यप

लोकसभा चुनाव के लिए शिमला संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप आज शिमला शहर में चुनाव प्रचार आरंभ कर रहे हैं। आज शिमला में सीटीओ से सुरेश कश्यप बीजेपी कार्यकर्ताओं के साथ

चुनाव प्रचार आरंभ करेंगे । सुरेश कश्यप वर्तमान में शिमला से सांसद है और दूसरी बार चुनाव मैदान में है। भाजपा प्रदेश की चार लोकसभा सीटों में से हमीरपुर और शिमला के लिए अपने प्रत्याशियों की नाम की घोषणा कर चुकी है जबकि कांग्रेस प्रत्याशियों की घोषणा होना अभी बाकी है ।

भारतीय भाषा सम्मेलन

हिमाचल प्रदेश की मातृभाषाओं और पहाड़ी बोलियों को बढ़ावा देने तथा उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने के उद्देश्य से अकादमिक विमर्श, शोध पत्र प्रस्तुति और हिमाचल की लोक भाषाओं में काव्य पाठ के लिए केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला में भारतीय भाषा सम्मेलन का आयोजन किया गया। भारतीय शिक्षण मंडल सीयू और श्भारतीय भाषा समिति, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस सम्मेलन में हिमाचल प्रदेश सहित कई अन्य विश्वविद्यालयों से आये साहित्यकार, शिक्षाविद, संपादक व पत्रकारों ने एकजुट होकर मातृ भाषाओं के उत्तरोत्तर विकास के लिए विचार मंथन किया । जिससे हिमाचल की लोकभाषाओं के विकास के लिए भारतीय भाषा समिति को कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए गए । कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए केंद्रीय विवि के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने कहा कि पहाड़ी व हिमाचली बोलियों के विकास के लिए हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विवि में जल्द ही हिमाचली भाषाओं में सर्टिफिकेट कोर्स शुरू किया जाएगा ।

और अब एक नजर अखबारों की सुर्खियो पर....

आज सभी समाचार पत्रों ने प्रदेश में चल रही लोकसभा चुनावों से संबधित राजनीतिक खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

पंजाब केसरी का शीर्षक है बागी विधायकों को नड्डा का बुलावा – आज थाम सकते है भाजपा का दामन। हिमाचल दस्तक की सुर्खी है कांग्रेस के 6 बागी भारतीय जनता पार्टी का दामन थामने को तैयार। दैनिक भास्कर लिखता है की राणा और सुधीर को धमकी –दूसरे विधायकों को भड़काना बंद करो–कांग्रेस के बागी विधायक के कार्यालय पहुंची पार्टी कार्यकर्ता के नाम से चिठ्ठी । अब नौ सीटों पर उपचुनाव संभव शीर्षक से दिव्य हिमाचल लिखता है कांग्रेस के 6 बागियों संग आज भाजपा में शामिल होंगे तीन निर्दलीय विधायक।

मंडी संसदीय सीट और प्रियंका गांधी के शिमला पहुंचने को अखबारों ने प्रमुखता दी है। आपका फैसला का शीर्षक है प्रतिभा सिंह ने मंडी संसदीय सीट पर चुनाव लड़ने से किया इंकार। अखबार विशेष टिप्पणी कर लिखता है कांग्रेस के लिए कड़ी चुनौती से काम नहीं लोकसभा चुनाव। दैनिक भास्कर के

अनुसार लोकसभा चुनाव लड़ने से मुकरी कांग्रेस अध्यक्ष। दैनिक सवेरा टाइम्ज़ का शीर्षक है राजपरिवारों की मंडी में कांग्रेस उमीदवार को लेकर संशय बरकरार।

सुक्खू के साथ शिमला पहुंची प्रियंका शीर्षक से हिमाचल दस्तक लिखता है सभी कांग्रेस विधायकों से करेगी वन–टू–वन बात। दैनिक सवेरा की सुर्खी है सियासी उथल –पुथल के दौर के बीच शिमला पहुंची प्रियंका गांधी।

20 करोड़ भारतियों में बढ़ा मिला रक्तचाप – मधुमेह से है 50 फीसदी ज्यादा इस खबर में अमर उजाला लिखता है की आईसीएमआर के शोध अनुसार युवाओ के चिकित्सा इतिहास के विश्लेषण में हुआ ये खुलासा। इसी अखबार की एक अन्य खबर है पहाड़ी के नीचे एकत्र पानी लाया था शिमला की शिव बाऊडी में तबाही–युआईटी समरहिल और सीएसआईआर रुड़की के वैज्ञानिकों की रिपोर्ट में खुलासा ।